अमर उजाला
बरेली
मंगलवार, 3 अक्तूबर 2023
आश्विन कृष्ण-पंचमी
विक्रम संवत-2080

PAGE NO : 07 MIDDLE

विद्यार्थियों को मिली 3.5 करोड़ की छात्रवृत्ति

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीराम मूर्ति की पुण्यतिथि पर हुआ श्रद्धांजलि समारोह

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। एसआरएमएस में सोमवार को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, पूर्व मंत्री श्रीराम मूर्ति की 35वीं पुण्यतिथि पर 86 विद्यार्थियों को 3.5 करोड़ की छात्रवृत्ति दी गई और नौ विद्यार्थियों का शैक्षिक शुल्क माफ किया गया। इस दौरान रोबोटिक सर्जरी सेंटर का लोकार्पण हुआ।

एसआरएमएस के शतिक प्रेक्षागृह में श्रीराम मूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने बताया कि ऑल इंडिया मेरिट में 500वीं रैंक के अंदर आने वाले नौ विद्यार्थियों का शैक्षणिक शुल्क कोर्स की पूरी अवधि के लिए माफ किया गया है। इसके लिए 1.27 करोड़ का बजट तय हुआ।

स्वतंत्र पत्रकार व शिक्षाविद डॉ. वेदवती रविंद्र जोगी, सामाजिक कार्यकर्ता समीर कुमार मिश्रा, इसरो वैज्ञानिक पायल अग्रवाल, इसरो वैज्ञानिक व श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की पूर्व छात्रा अभिलाषा अग्रवाल राम मूर्ति अलंकरण से सम्मानित हुईं। कहानी प्रतियोगिता के विजेताओं की पुरस्कृत कहानी के पांचवें संग्रह खांडवप्रस्थ का विमोचन हुआ।

एसआरएमएस में छात्रवृत्ति विजेता छात्र-छात्राओं के साथ चेयरमैन देव मूर्ति। अमर उजाला

पूर्व छात्रा व इसरो वैज्ञानिक अभिलाषा को राम मूर्ति अलंकरण से सम्मानित करतीं उषा गुप्ता, देव मूर्ति व आदित्य मूर्ति। अमर उजाला

प्रतिभाशाली बनें विद्यार्थी हासिल करें छात्रवृत्ति

एसआरएमएस ट्रस्ट के सभी महाविद्यालयों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनके चित्रों पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। ट्रस्ट चेयरमैन ने कहा कि छात्रवृत्ति वितरण का लक्ष्य 4.5 करोड़ है। सभी विद्यार्थियों को प्रतिभावान बनने को प्रेरित किया। इस दौरान ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, भोजीपुरा विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, अंबिका मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर सुभाष मेहरा, गुरु मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी अन्य मौजूद रहे।

यह रहे प्रतियोगिताओं के विजेता

अखिल भारतीय कहानी प्रतियोगिता में आकाश छौकर को प्रथम, गोविन्द को द्वितीय, अनुभव सिंह को तृतीय, गगन सैनी व कैलाश गौड़ को सांत्वना पुरस्कार मिला। वाद विवाद में जीआरएम और बरेली कॉलेज को चल वैजयंती पुरस्कार मिला। वहीं, तीन दिवसीय रक्तदान कैंप में सवा सौ यूनिट रक्त एकत्र हुआ। रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र, स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।